जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मै0 हेल्प फाउन्डेशन एवं मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन, इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) द्वारा कराये गये कार्यों के बीजक के भुगतान के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 22.03.23 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत नोटशीट एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति) द्वारा दिये गये निर्देश के कम में दिनांक 22.03.23 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मै0 हेल्पफाउन्डेशन एवं मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन, इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के बीजकों के भुगतान के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1– मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
2– जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3– प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
4– जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
5– जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
6– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
7– अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
8– जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
9– जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
10– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
11– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखीमपुर खीरी।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मै0 हेल्पफाउन्डेशन को आवंटित क्लस्टर संख्या–08 विकास खण्ड मितौली एवं बेहजम में 40 नग ग्राम पंचायतों, क्लस्टर संख्या–09 विकास खण्ड बिजुआ, बांकेगंज एवं फूलबेहड़ में 40 नग ग्राम पंचायतों, एवं मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन को आवंटित क्लस्टर संख्या–04 विकास खण्ड रमियाबेहड़, धौरहरा में 40 नग ग्रामपंचायतों एवं क्लस्टर संख्या–05 विकास खण्ड निघासन, पलिया एवं फूलबेहड़ 40 नग ग्रामपंचायतों में कराये गये कार्यों का द्वितीय बीजक प्रस्तुत किया गया। जिसके सत्यापन सम्बन्धी अभिलेख यथा फोटोग्राफ, वीडियो एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं 10 स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा हस्ताक्षरित सत्यापन रिपोर्ट को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा समस्त प्रस्तुत अभिलेखों का परीक्षण किया गया एवं सम्यक विचारोपरान्त मै0 हेल्पफाउन्डेशन के द्वितीय बीजक लागत रू0 3740000.00 एवं मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन के द्वितीय बीजक लागत रू0 3740000.00 का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम सदस्य सचिव	सहायक अभियन्ता लघुसिंचाई	जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।	जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड लखीमपुर खीरी।	जिला सूचना अधिकारी, लखीमपुर खीरी।	मुख्य चिकित्साधिकारी लखीमपुर खीरी।	अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड प्रथम लखीमपुर खीरी।	प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।

जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।	मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी। उपाध्यक्ष	जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी। अध्यक्ष